महात्मा बुद्ध की 5 मूर्तियों को खंडित किया

काठमांडू। नेपाल के दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में स्थित भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी के निकट कुछ अज्ञात लोगों ने बुद्ध की 5 प्रतिमाओं को खंडित कर दिया। यह घटना राष्ट्रीय राजधानी काठमांडू से लगभग 265 किलोमीटर दूर रूपांदेही जिले के तिलोत्तमा नगर निकाय में बुधवार को हुई। यह स्थान लुम्बिनी के पास ही स्थित है। पुलिस ने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने शंकर चौक के पास नया मिल के पास सड़क पर लगी बौद्ध प्रतिमाओं को तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस प्रतिमा भंजन का मकसद इलाके में सामाजिक एवं धार्मिक सद्भाव बिगाड़ना था। बता दें कि लुम्बिनी ही महात्मा बुद्ध का जन्मस्थल है और इस स्थान का ऐतिहासिक महत्व भी है। स्थानीय प्रशासन ने कहा कि इस घटना को बहुत गंभीरता से लिया गया है क्योंकि इसका असल विजिट नेपाल 2020 पर भी पड़ सकता है। कुछ शरारती तत्वों ने इरादतन क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने के लिए यह हरकत की है। दोषियों को जल्द पकड़कर कार्रवाई की जाएगी।

हिंदू से मुस्लिम बनी लड़की को सुरक्षा देने का आदेश

कराची। पाकिस्तान में सिंध हाई कोर्ट ने धर्म परिवर्तन कर हिंदू से मुसलमान बनी पायल देवी उर्फ नूर फातिमा को सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया है। मीडिया रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। पाकिस्तान में हिंदू लड़कियों के अपहरण और धर्म परिवर्तन के लिए कुख्यात सिंध प्रांत के इलाके ठट्टा की रहने वाली पायल ने कहा कि उसने अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन किया और अपना नाम नूर फातिमा रखा। उसने 29 जून को धर्म परिवर्तन कर कामरान अली नाम के शख्स से स्वेच्छा से शादी की लेकिन उसके घर वाले इस रिश्ते से नाखुश हैं। एक न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, पायल का कहना है कि उसके फैसले से घर वालों के साथ-साथ उसके बिरादरी के लोग भी नाराज हैं। इससे उसकी जान को खतरा पैदा हो गया है, इसलिए उसे पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई जाए। हाई कोर्ट ने सिंध के महाभियोजक को पायल का बयान दर्ज करने और नवविवाहिता जोड़े को सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 अगस्त की तारीख तय की। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों के अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन की गंभीर समस्या लंबे समय से बनी हुई है। हिंदू समुदाय का आरोप रहा है कि उनकी लड़कियों का अपहरण कर शादी करा दी जाती है और फिर उन पर दबाव डालकर उनसे कहला दिया जाता है कि उन्होंने स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन और विवाह किया है। इस मुद्दे की गूंज बीते मंगलवार को सिंध विधानसभा में भी सुनाई दी जहां सदस्यों ने इस समस्या पर गंभीर चिंता जताते हुए इस पर रोक लगाने की सिफारिश करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया था।

पुलिस ने एनिमेशन स्टूडियो की तलाशी ली

तोक्यो। जापान पुलिस ने क्योतो एनिमेशन स्टूडियो अग्निकांड की जांच तेज कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि एक व्यक्ति ने स्टूडियो में आग क्यों लगाई। दरअसल, बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति ने क्योतो एनिमेशन स्टूडियो में ज्वलनशील पदार्थ छिड़क कर आग लगा दी थी, जिसमें 33 लोगों की मौत हो गई और 36 लोग घायल हुए हैं। गवाहों और खबरों के अनुसार उसकी स्टूडियो से पुरानी रंजिश थी। पुलिस ने कहा है कि तोक्यो का निवासी 41 वर्षीय संदिग्ध स्टूडियो में काम नहीं करता और फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती है। मीडिया में आ रहीं खबरों के अनुसार संदिग्ध ने पुलिस को बताया है कि उसने आग इसलिये लगाई क्योंकि (क्योतो एनिमेशन) ने उपन्यास चुराए थे।

तुर्की ने इराकी कुर्दिस्तान पर हमला किया

अंकारा। तुर्की ने अपने एक राजनयिक की हत्या के जवाब में बृहस्पतिवार को इराकी कुर्दिस्तान पर हवाई हमला किया। तुर्की के रक्षा मंत्री ने यह जानकारी दी। इराक के स्वायत्त कुर्दिश क्षेत्र में तुर्की के उप वाणिज्य दूत की स्थानीय राजधानी अरबिल में बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो अन्य लोगों की भी हत्या की गई। इस हत्या की जिम्मेदारी अभी किसी ने नहीं ली है लेकिन कई इराकी विशेषज्ञों ने इस हमले के पीछे तुर्की की अलगाववादी कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) की ओर इशारा किया है। अंकारा इसे आतंकवादी समूह मानता है। रक्षा मंत्री हुलुसी अकार ने एक बयान में कहा, 'अरबिल में हमले के बाद हमने कांदिल पर हवाई हमला किया और (पीकेके) आतंकवादी संगठन को भारी नुकसान पहुंचाया।' आतंकवादियों के ठिकानों, आश्रय और गुफाओं को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा, 'आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक अंतिम आतंकवादी नहीं मारा जाता और हमारे शहीदों के खून का बदला नहीं दिया जाता।'

भारत-अमेरिका संबंध अच्छी स्थिति में हैं:श्रृंगला

न्यूयॉर्क। अमेरिका में भारत के राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध बहुत अच्छे हैं और दोनों देश रिश्तों की गति आगे ले जाने और द्विपक्षीय संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने के लिए घनिष्ठता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आर्थिक विकास की बात आती है तो अमेरिका, भारत का अहम साझेदार है। उन्होंने कहा कि हम मेक इन इंडिया कार्यक्रम के लिए सहयोग के जरिए निवेश, प्रौद्योगिकी, रोजगार पैदा करने पर ध्यान दे रहे हैं। हमारी अमेरिका के साथ सामरिक साझेदारी भी है। हम सामरिक सहयोग के वृहद प्लेटफॉर्म पर वाशिंगटन के साथ काम कर रहे हैं। सामरिक सहयोग में हिंद-प्रशांत सहयोग भी शामिल है। श्रृंगला ने कहा कि भारत में अमेरिका का निवेश तकरीबन 50 अरब डॉलर है और कि हम कई क्षेत्रों में और निवेश की उम्मीद कर रहे हैं। भारतीय राजदूत ने इस सप्ताह न्यूयॉर्क की संक्षिप्त यात्रा की थी जो काफी सार्थक रही। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने पिछले महीने नयी दिल्ली की यात्रा की थी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच ओसाका में जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर बैठक का मंच तैयार किया गया। श्रृंगला ने कहा कि भारत और अमेरिका के पास कई बैठकों का रोडमैप है जिसमें 2+2 वार्ता, रक्षा नीति और अन्य वार्ता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच अच्छे संबंध है, अच्छी रक्षा साझेदारी है जिसमें संयुक्त अभ्यास शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार दोनों देशों की थल सेना, नौसेना और वायु सेना का त्रिपक्षीय अभ्यास होगा। न्यूयॉर्क की यात्रा के दौरान श्रृंगला ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार से भी मुलाकात की जो उच्च स्तरीय राजनीतिक फोरम के लिए संयुक्त राष्ट्र में कई कार्यक्रम के वास्ते शहर में मौजूद थे।

चीन सबसे खराब मानवाधिकार रिकार्ड वाला देश

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने नस्लीय एवं धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ मानवाधिकार उल्लंघनों को लेकर चीन पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह वर्तमान समय में सबसे खराब मानवाधिकार रिकार्ड वाले देशों में एक है। धार्मिक स्वतंत्रता पर विभिन्न देशों के मंत्रियों के एक सम्मेलन में पोम्पिओ ने बृहस्पतिवार को अपने संबोधन में कहा कि सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि विश्व की 83 फीसदी जनसंख्या उन देशों में रहती है जहां धार्मिक आजादी खतरे में है या लोगों को उससे पूरी तरह वंचित किया जाता है। विदेश मंत्री ने धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन को लेकर कई देशों का नाम लिया लेकिन चीन का विशेष रूप से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अप्रैल, 2017 से चीन ने शिनजियांग में दस लाख से अधिक मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों को शिविरों में डाल रखा है। उन्होंने कहा कि चीन हमारे समय में सबसे खराब मानवाधिकार रिकार्ड वाले देशों में एक है। वाकई यह इस सदी पर एक धब्बा है। पोम्पिओ ने कहा कि चीन में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी चीनी लोगों एवं उसके अंतर्मन पर नियंत्रण कायम करना चाहती है। क्या यह धार्मिक विश्वास की आजादी के गारंटी के अनुरूप है जिसका सीधा चीन के संविधान में उल्लेख है। उन्होंने चीन में मानवाधिकार के कई उदाहरण दिये। उन्होंने कहा कि पिछले साल सितंबर में फालून गोंग के सदस्य चेन हुइक्सिया को महज अपने धर्म का पालन करने को लेकर साढ़े तीन साल की सजा दी गयी। मई, 2018 में प्रशासन ने चेंगडू के गैर पंजीकृत गिरजाघर अर्ली रेल कोवेंट चर्च के पास्टर वांग यी को धार्मिक स्वतंत्रता पर सरकार के नियंत्रण की खुलेआम आलोचना करने को लेकर गिरफ्तार कर लिया।

खाड़ी में फिर बढ़ा तनाव

अमेरिका ने लिया बदला, गिराया ईरान का ड्रोन

वॉशिंगटन। खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सेना ने एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया है। कुछ हफ्ते पहले ईरान ने अमेरिका के एक ताकतवर ड्रोन को गिरा दिया था, जिस पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमले का आदेश भी दे दिया था। हालांकि बाद में उन्होंने इसे रोक दिया। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बताया है कि हॉर्मूज जलडमरूमध्य में प्रवेश कर रहे एक यूएस युद्धपोत के लिए खतरा बने ईरानी ड्रोन को गिरा दिया गया। ऐसे में पिछले कुछ हफ्तों से शांतिपूर्ण रहे खाड़ी क्षेत्र में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। गौर करने वाली बात यह है कि हाल के समय में तेजी से बदले घटनाक्रमों के बीच ईरान के साथ अमेरिकी फौज की यह पहली सीधी मुठभेड़ है।

ट्रंप ने घोषणा की है कि असॉल्ट शिप यूएसएस बॉक्सर ने ईरानी ड्रोन के खिलाफ डिफेंसिव ऐक्शन लिया क्योंकि वह शिप और उस पर मौजूद क्रू को चुनौती दे रहा था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि बॉक्सर के 1000 यार्ड्स के दायरे में आते ही ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में जहाजों के खिलाफ ईरान के कई भड़काऊ और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई में से यह सबसे ताजा है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के पास अपने लोगों, फसिलटीज और हितों की सुरक्षा करने का अधिकार है। उन्होंने दुनिया के सभी देशों से नौवहन की स्वतंत्रता और वैश्विक कारोबार को प्रभावित करने के ईरान के प्रयासों की निंदा करने को कहा है।

ईरान बोला, अभी जानकारी नहीं

उधर, ईरान के टॉप राजनयिक मोहम्मद जरीफ ने पत्रकारों से कहा कि उनके पास अपना कोई ड्रोन गिरने की कोई जानकारी नहीं है। वह फिलहाल संयुक्म राष्ट्र के महासचिव से मुलाकात करने के लिए ह मुख्यालय पहुंचे हुए हैं। पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता जोनाथन हॉफमैन ने बाद में एक बयान में कहा कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मूज में गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे युद्धपोत ने अपनी जद में उड़ रहे ड्रोन को नष्ट कर दिया। बयान के अनुसार, 'ड्रोन यूएसएस बॉक्सर के इतने करीब आया कि इससे युद्धपोत को खतरा महसूस हुआ। युद्धपोत ने अपने और जहाज पर सवार कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रक्षात्मक कार्रवाई की।'

ईरान ने कब्जे में लिया है 'विदेशी टैंकर'

अमेरिका और ईरान के बीच फिर से तनाव बढ़ने की यह खबर ऐसे समय में आई है जब ईरान ने हाल ही में एक 'विदेशी टैंकर' को अपने कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि शिप पर पनामा का झंडा लगा है और आरोप है कि उसके 12 क्रू मेंबर्स ईंधन की तस्करी कर रहे थे।

देशप्रेम सांसदों का दायित्व : ट्रंप

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि सांसदों का दायित्व है कि वे देश से प्रेम करें और उसे अपनाएं। कांग्रेस की महिला सदस्य (डेमोक्रेट) के खिलाफ उनके समर्थकों द्वारा 'उसे वापस भेजो के नारे लगाने से मना करने के दौरान ट्रंप ने यह बात कही। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस के सदस्यों का इस देश के प्रति और हर देश में बड़ा दायित्व है..और यह दायित्व है अपने देश से प्रेम करना। ट्रंप उत्तर कैरोलिना में बुधवार रात एक रैली में प्रतिनिधि इलहान ओमर के खिलाफ उनके समर्थकों द्वारा 'उसे वापस भेजो' के नारेबाजी को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। ट्रंप ने कहा कि मैं ऐसी नारेबाजी सुनकर खुश नहीं होता हूं। और मैंने यह कहा है और बहुत सख्ती से कहा है। दरअसल, ट्रंप की तरफ से किए गए एक के बाद एक कथित नस्लीय ट्वीट में मूल रूप से सोमाली की रहने वाली ओमर और कांग्रेस की तीन अन्य अश्वेत सदस्यों- एलेक्जेंड्रिया ओकासियो-कोर्टेज, अयाना प्रेसले और राशिदा तलैब की आलोचना की गई थी।

जेल में नहीं, पुलिस अधिकारी के बंगले में है हाफिज सईद

इस्लामाबाद। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड आतंकी हाफिज सईद की गिरफ्तारी का पाकिस्तान का नाटक दूसरे दिन ही सामने आने लगा है। सूत्रों का कहना है कि हाफिज सईद को जेल में नहीं बल्कि गुजरांवाला जेल अधीक्षक के बंगले में रखा गया है। उसे वीआइपी सुविधा मिल रही है। आतंकी संगठन जमात उत दावा का प्रमुख हाफिज सईद मुंबई में 2008 में हुए आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड है। भारत उसकी गिरफ्तारी को लेकर लंबे समय से दबाव बना रहा है। उसे संयुक्त राष्ट्र ने भी वैश्विक आतंकी घोषित किया हुआ है। वहीं अमेरिका ने उस पर एक करोड़ डॉलर (करीब 70 करोड़ रुपये) का इनाम रखा है। प्रधानमंत्री इमरान खान के पहले अमेरिका दौरे से ठीक पहले पाकिस्तान ने बुधवार को हाफिज सईद को गिरफ्तार किया था। आतंकी गतिविधियों के लिए फंड मुहैया कराने के आरोप में गिरफ्तारी के बाद उसे सात दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। हालांकि सूत्रों के मुताबिक, हाफिज के साथ वीआइपी जैसा व्यवहार हो रहा है और उसे गुजरांवाला जेल के नजदीक जेल अधीक्षक के बंगले में रखा गया है।

कुलभूषण जाधव को राजनयिक पहुंच मुहैया कराएगा पाक : विदेश मंत्रालय

इस्लामाबाद। पाकिस्तान भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को अपने देश के कानूनों के अनुसार राजनयिक पहुंच मुहैया कराएगा और इसके लिए कार्यप्रणाली पर काम हो रहा है। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार देर रात एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। मंत्रालय ने साथ ही कहा कि जाधव को राजनयिक संबंधों पर विएना संधि के तहत उनके अधिकारों से अवगत करा दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आईसीजे के फैसले के आधार पर कमांडर कुलभूषण जाधव को राजनयिक संबंधों पर विएना संधि के अनुच्छेद 36 के पैराग्राफ 1(बी) के तहत उनके अधिकारों के बारे में



सूचित कर दिया गया है। उसने कहा कि एक जिम्मेदार देश होने के नाते पाकिस्तान कमांडर कुलभूषण जाधव को पाकिस्तान कानूनों के अनुसार राजनयिक पहुंच मुहैया कराएगा, जिसके लिए कार्य प्रणालियों पर काम किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत (आईसीजे) ने पाकिस्तान को जाधव को सुनाई गयी फांसी की सजा पर प्रभावी तरीके से फिर से विचार करने और राजनयिक पहुंच प्रदान करने का बुधवार को आदेश दिया था। इसे भारत के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है। भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी जाधव (49) को पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने अप्रैल 2017 में सुनवाई के बाद जासूसी और आतंकवाद के आरोपों पर फांसी की सजा सुनाई थी। इस पर भारत में काफी कड़ी प्रतिक्रिया हुई। अदालत के अध्यक्ष अब्दुलकावी अहमद यूसुफ की अगुवाई वाली 16 सदस्यीय पीठ ने एक के मुकाबले 15 मतों से कुलभूषण सुधीर जाधव को दोषी ठहराये जाने और उन्हें सुनाई गयी सजा की 'प्रभावी समीक्षा करने और उस पर पुनर्विचार करने' का आदेश दिया है।

काबुल धमाके में 9 की मौत, 33 घायल

काबुल। अफगानिस्तान में काबुल विश्वविद्यालय के गेट के बाहर शुक्रवार तड़के जबर्दस्त बम धमाका होने से 9 लोगों की मौत हो गई। धमाके में 33 अन्य घायल भी हो गए। पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। किसी ने भी इस धमाके की जिम्मेदारी नहीं ली है। यहां तालिबान और इस्लामिक स्टेट से संबद्ध एक संगठन अफगान सुरक्षाबलों, सरकारी अधिकारियों और अल्पसंख्यक शियाओं को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर अकसर बम हमला करते रहते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता डॉ. वहीदुल्लाह मयार ने ट्वीट किया, 'काबुल में आज के बम धमाके के परिणामस्वरूप 9 लोग शहीद हो गए और 33 घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया और उनका इलाज चल रहा है। इस सह शिक्षा विश्वविद्यालय के परिसर में कई छात्रावास हैं जहां विद्यार्थी गर्मियों में ठहरते हैं। अफगानिस्तान में शुक्रवार सप्ताहांत की शुरुआत है। विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र के प्रफेसर मसूद ने कहा कि जब यह धमाका हुआ तब कई वकील न्यायाधीश बनने के लिए विश्वविद्यालय में परीक्षा दे रहे थे। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि वकील धमाके के निशाने पर थे या नहीं। इस बीच, अमेरिकी रक्षा खुफिया अधिकारी ने बताया कि आईएस से संबद्ध संगठन ने अपनी ताकत और पहुंच का विस्तार करने के लिए काबुल विश्वविद्यालय के खासकर तकनीकी में सिद्धहस्त विद्यार्थियों को भर्ती करने के लिए कोशिशें तेज कर दी हैं। तालिबान प्रवक्त जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि शुक्रवार के हमले में तालिबान की संलिप्तता की उसे जानकारी नहीं है।

कांधार में भी हुआ था आतंकी हमला

इससे पहले गुरुवार को दक्षिण कांधार प्रांत में पुलिस मुख्यालय में हुए तालिबान के हमले में करीब 12 लोगों की मौत हो गई और 90 लोग घायल हो गए। हमले के चश्मदीदी ने बताया कि यह हमला उत्तरी गेट में अफगान समय के मुताबिक 4 बजकर 35 मिनट पर हुआ। विस्फोट के कारण कई नागरिकों की भी मौत हो गई। विस्फोट होने से स्थानीय लोगों में दशहत मच गई और कई दूर तक धुंआ छा गया। इस विस्फोट के कारण आस-पास की कई इमारतें और गाड़ियों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस हमले में दो पुलिस अधिकारी, आठ नागरिक और दो हमलावरों की मौत हो गई। सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक इस हमले में 90 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार हमले में घायल हुए लोगों की संख्या बढ़ सकती है। इस हमले की जिम्मेदारी तालिबान आतंकी संगठन ने ली है। प्रांत में पिछले कुछ महीनों में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ कई अभियान चलाए हैं। लेकिन इसके बावजूद प्रांत में लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं।

एयरस्पेस बंद करने से पाक को 8 अरब से अधिक का नुकसान

कराची। पाकिस्तान को फरवरी महीने में बालाकोट हवाई हमले के बाद अपने वायु क्षेत्र को बंद करने से 8 अरब रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। शुक्रवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। उल्लेखनीय है कि फरवरी में भारतीय वायुसेना ने पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले के बाद बालाकोट में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविर पर हवाई हमला किया था। इसके बाद पाकिस्तान ने 26 फरवरी को अपने वायु क्षेत्र को पूरी तरह से बंद कर दिया था। पाकिस्तान ने इस सप्ताह मंगलवार को असैन्य उड़ानों के लिये अपने वायु क्षेत्र को पुनः खोलने की घोषणा की। पाकिस्तान के विमानन मंत्री गुलाम सरवर खान ने यहां नागर विमानन प्राधिकरण के मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वायुक्षेत्र बंद करने के कारण प्राधिकरण को 8.5 अरब रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। डॉन अखबार

ने मंत्री के हवाले से कहा कि यह हमारे विमानन उद्योग के लिए बड़ा नुकसान है, लेकिन वायु क्षेत्र बंद करने से पाकिस्तान की अपेक्षा भारत को अधिक नुकसान हुआ है। भारत को लगभग दोगुना नुकसान हुआ है, लेकिन अब दोनों पक्षों की ओर से सहृदयता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों को अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुकूल बनाने के लिये विमानन नीति 2019 के तहत उन्हें आधुनिक उपकरणों एवं स्कैनरों से लैस किया जाएगा।

मरियम के खिलाफ फर्जी दस्तावेज का मामला खारिज

इस्लामाबाद। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज को अदालत से एक और राहत मिली है। पाकिस्तान की एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने शुक्रवार को मरियम नवाज के खिलाफ उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि हाई-प्रोफाइल एवेनफील्ड अपार्टमेंट मामले में उन्होंने फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के उपाध्यक्ष 45 वर्षीय मरियम पर मामले की सुनवाई के दौरान एक फर्जी ट्रस्ट दस्तावेज प्रस्तुत करने का आरोप लगाया गया। दस्तावेज को 2006 में कैलीबरी फॉन्ट (अक्षराकृति) में लिखा गया था, जब यह फॉन्ट कथित तौर पर सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं था। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (नैब) ने मरियम के खिलाफ फर्जी ट्रस्ट दस्तावेज के लिए जवाबदेही न्यायाधीश मोहम्मद बशीर के समक्ष एक अर्जी प्रस्तुत की। मामले की सुनवाई के बाद बशीर ने फैसला सुरक्षित रख लिया और थोड़ी देर बाद घोषणा की कि मामले को खारिज कर दिया गया है। इस दौरान मरियम के साथ उनके पति, पूर्व सेना कैप्टन मोहम्मद सफदर और पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने ट्विटर पर कहा कि न्यायाधीश और नैब ने हताशा में उनका तमाशा बनाया।

गौरतलब है कि मरियम नवाज पर इमरान सरकार लगातार हमले कर रही है। पिछले दिनों मरियम नवाज़ का इंटरव्यू जबरन रोक दिया गया था। एक पाकिस्तानी न्यूज चैनल पर मरियम नवाज़ के इंटरव्यू को शुरू होने के चंद मिनट बाद ही रुकवा दिया गया। इससे पहले मरियम नवाज़ की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस दिखाने के लिए तीन पाकिस्तानी समाचार चैनलों को नोटिस जारी किया गया था। उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस भी बीच में रोक दी गई थी। इन समाचार चैनलों को पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण के आदेश पर ऑफ एयर किया गया था।

ऑस्ट्रिया में जर्मनी की सीमा के पास विमान दुर्घटनाग्रस्त, प्लेन में सवार 3 लोगों की मौत

बर्लिन। ऑस्ट्रिया में शुक्रवार को एक बड़ा विमान हादसा हो गया। यहां जर्मनी की सीमा के पास 3 लोगों की प्लेन क्रैश में मौत हो गई। ऑस्ट्रियाई अधिकारियों का कहना है कि जर्मनी की सीमा के पास आल्प्स की पहाड़ियों में एक छोटा हवाई जहाज दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में तीन लोग मारे गए हैं। ऑस्ट्रियाई पुलिस ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी डीपीए को बताया कि गुरुवार शाम दुर्घटना में मारे गए लोगों की पहचान अभी भी स्पष्ट नहीं थी। विमान स्थानीय समय के अनुसार लगभग 5:30 बजे (1530 GMT) लेउमाच शहर के पास के पहाड़ों में गया, गार्मिस्क-पार्टेनकिर्चेन के जर्मन रिसॉर्ट से दूर नहीं, लगभग 2,300 मीटर (7,500) की ऊंचाई पर एक चट्टान के चेहरे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विमान पूरी तरह जल गया था और यह तुरंत स्पष्ट नहीं था कि यह प्लेन कहां का था और कहां जा रहा है? पिछले हफ्ते ही स्वीडन में भी एक ऐसा ही विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। स्वीडन के उत्तर स्थित उमिया हवाई अड्डे पर एक हल्का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई थी। समाचार एजेंसी एसवीटी ने बताया कि उमिया हवाई अड्डे के रनवे के दक्षिणी छोर पर एक हल्का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई।

फिलीपींस में दर्दनाक हादसा

मनीला। फिलीपींस में हुए एक दर्दनाक हादसे में नौ स्कूली बच्चों की मौत हो गई जबकि 16 अन्य घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि एक ट्रक चालक ने ढलान वाली सड़क पर वाहन से नियंत्रण खो दिया जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हादसे में ट्रक में सवार कम से कम नौ स्कूली बच्चों की मौत हो गई जबकि 16 अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि यह हादसा मध्य सेबू प्रांत के बोलजून शहर में हुआ। पुलिस जांचकर्ता नेल्सन सैकीबल ने बताया कि ड्राइवर समेत घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो गांव के स्कूलों के छात्रों को सांस्कृतिक, स्वास्थ्य और खेल महोत्सव में भाग लेना था। इसके लिए सभी स्कूली बच्चे ट्रक से कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे।